30/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

अरुणाचल प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने का आज आखिरी दिन था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने आज शाम मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि साठ सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है, जिनमें मुक्तो सीट से मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शेष पचास सीटों पर नाम वापस लेने वालों की संख्या और उम्मीदवारों के बारे में अधिक जानकारी अभी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य की दो संसदीय सीटों के लिए चौदह उम्मीदवार मैदान में हैं।

0000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी।

0000000000000000000

भारत निर्वाचन आयोग का सी-विजिल ऐप लोगों के हाथ में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को चिन्हित करने का एक प्रभावी उपकरण बन गया है।

आम चुनाव दो हजार चौबीस की घोषणा के बाद से आज तक उन्यासी हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्राप्त निन्यानवे प्रतिशतसे अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है और इनमें से लगभग नवासी प्रतिशत शिकायतों का समाधान 100 मिनट के भीतर किया गया है। गति और पारदर्शिता सी-विजिल ऐप का मुख्य आधार हैं।सी-विजिल उपयोगकर्ताओं के अनुकूल और संचालित करने में आसान एप्लिकेशन है, जो सतर्क नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और उड़न-दस्ता टीमों से जोड़ता है। इस ऐप का उपयोग करके, नागरिक राजनीतिक कदाचार की घटनाओं की तुरंत कुछ ही मिनटों के भीतर जानकारी दे सकते हैं और उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं है। जैसे ही शिकायत सी-विजिल ऐप पर भेजी जाएगी, शिकायतकर्ता को एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी जिसके माध्यम से वह अपने मोबाइल पर अपनी शिकायत की अद्यतन स्थिति के बारे में जान सकेगा।

0000000000000000000

एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना से आज राजभवन, ईटानगर में राजस्थान का राज्य स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। राज्यपाल और राज्य की प्रथम महिला ने हाई टी की मेजबानी की और आमंत्रित लोगों और प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अन्य राज्यों के राज्य स्थापना दिवस मनाने से लोगों के बीच सौहार्द्र और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है और इससे विविधता में एकता की भावना मजबूत होती है। राजस्थान के लोग राज्य की विकासात्मक प्रगति में सबसे अधिक योगदान देने वाले समुदायों में से एक हैं।

राज्यपाल ने राज्य की सांस्कृतिक प्रथाओं और परंपराओं से खुद को जोड़ने के लिए लोगों की सराहना भी की।

0000000000000000000

एक अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, उन्नीस सौ अट्ठावन की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अरुणाचल प्रदेश में तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छब्बीस सितंबर, दो हजार तेईस को असम की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखम पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को "अशांत क्षेत्र" घोषित किया गया। और सशस्त्र बल अधिनियम, अरुणाचल प्रदेश के इन जिलों में छह और महीने तक बढ़ा दिया गया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कई महीनों बाद राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

0000000000000000000

लोकसभा चुनाव के पहले चरण और सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने का आज आखिरी दिन है। बुधवार को नामांकन बंद हो गया और गुरुवार को कागजात की जांच की गई। 0000000000000000000

राज्य में आगामी आम चुनाव के संबंध में चौवालीसवीं तेजू (एसटी) एसी और पैतालीस हायुलियांग (एसटी) एसी) के सामान्य पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और जोनल मजिस्ट्रेट की समीक्षा बैठक शुक्रवार को तेजू के जिला सचिवालय कॉनफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई।

डीईओ शशवंत सौरव ने जिले में स्वतंत्र और निष्पक्ष कॉन्फ्रेंस हॉल में चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की गई तैयारी और उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। साथ ही पुलिस विभाग यह भी सुनिश्चित करेगा कि चुनाव प्रक्रिया में कोई रुकावट न हो।

0000000000000000000

वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता पैदा करने के प्रयास में, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक भाग के रूप में दोन्यी पोलो बीएड कॉलेज के चौथे सेमेस्टर के बीएड छात्रों ने गुरुवार को हिमालयन विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। परिसर में पौधे लगाए गए और विश्वविद्यालय परिसर के आसपास जनता को मुफ्त पौधे वितरित किए गए। वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम में छात्रों ने 'पैड़ लगाओ, हरियाली लाओ', 'सांसें हो रही हैं कम', 'आओ पैड़ लगायें हम' जैसे नारे लगाते हुए मार्च भी निकाला।

0000000000000000000